प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
04.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार शीघ्र ही प्रदेश भर में चिट्टे के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस राज्य में चिट्टे के नशे की रोकथाम के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आज शिमला के चौड़ा मैदान में 66 पुलिस पेट्रोलिंग वाहनों को हरी झंडी दिखाने के मौके पर बोल रहे थे। ये पेट्रोलिंग वाहन लाहौल स्पीति और किनौर जिलों को छोड़ कर प्रदेश के अन्य दस जिलों में तैनात किए जा रहे हैं। 18 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत से खरीदे गए इन वाहनों में 35 इलैक्ट्रिक वाहन 14 इंटसेप्टर वाहन, दस रैकर वाहन और सात डब्ल्यूडी डीज़ल वाहन शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य न केवल सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है बल्कि प्रदेश की जनता के लिए सुरक्षित और आपदारोधी यातायात प्रणाली विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद थे।

यादविंद्र गोमा

युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा है कि नादौन में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम प्रदेश में खेलों का एक बड़ा केंद्र बनेगा। इस खेल परिसर पर एक सौ 20 करोड़ रूपए की लागत आ रही है। गोमा आज नादौन में लड़कों के सीनियर सकेंडरी स्कूल में चार दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर–14 सांस्कृतिक व योग प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के लिए साढ़े 14 करोड़ रूपए की पुरस्कार राशि वितरित की है। इसके अलावा स्कूली खिलाड़ियों की डाइट मनी में भी दोगुना वृद्धि की गई है और उन्हें उच्च श्रेणी की रेल यात्रा व हवाई यात्रा का भी प्रावधान किया है। गोमा ने कहा है कि नादौन में बन रहे इंडोर खेल परिसर में खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेगी।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रदेश वासियों को श्री गुरू नानक देव जी की जयंती पर शुभकामनाएं दी हैं। पठानिया ने आज शिमला में एक संदेश में कहा कि श्री गुरू नानक देव जी ने समाज में व्यापक कुरीतियों और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और जाति, धर्म आधारित भेदभाव, मूर्ति पूजा और अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि श्री गुरू नानक देव जी के संदेश आज भी प्रासंगिक है और उनका प्रकाश हर दिल में जीवित है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस के अन्य नेताओं पर बिहार विधानसभा चुनाव में चुनावी गारंटियों का झूठा प्रचार करने का अरोप लगाया है। संदीपनी भारद्वाज ने आज शिमला में कहा कि कांग्रेस सरकार ने अभी तक अपनी एक भी चुनावी गारंटी पूरी नहीं की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में अहम योगदान देने वाले ठेकेदारों की देनदारियां एक हज़ार करोड़ रूपए से उपर पहुंच गई है। ऐसे में ठेकेदारों ने अब उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों पर ताले लगाने आरंभ कर दिए हैं। सुंदरनगर में विश्राम गृह पर ठेकेदार द्वारा ताला लगाना इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वे वर्षों से अपने पैसे का इंतजार कर रहे ठेकेदारों का तुरंत भुगतान करें, ताकि प्रदेश में रूके विकास कार्यों को फिर से शुरू किया जा सके।

पंडोह डैम

मंडी जिले में स्थित बी.बी.एम.बी. के पंडोह जलाशय का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए बांध से किसी भी समय अतिरिक्त पानी छोड़ा जा सकता है। बी.बी.एम.बी. प्रशासन ने ब्यास नदी के किनारे रहने वाले मंडी, कांगड़ा व हमीरपुर जिले के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार हिमालय क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके प्रभाव से आज  से प्रदेश में बारिश व बर्फबारी की संभावना है। विभाग ने आज और कल ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, मंडी और कांगड़ा जिलों में गरज के साथ वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में अभी से ही कड़ाके की ठंड का दौर जारी हैं आज लाहौल स्पीति का ताबो सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान माइनस तीन दशमलव आठ डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

---